आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। इस दिवस का विषय है—सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।
- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान किसान मेला का आयोजन करेगा।
- द्वीपों में तापमान वृद्धि के कारण विद्युत विभाग ने आम जनता के लिए परामर्श जारी किया है।
- एन्को फेस्ट—स्पर्धा 2.0, आज से शुरू होगा।

<><><><><><><>

आज विश्‍व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। इस दिवस का विषय है—सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन। यह दिवस प्रति वर्ष पन्द्रह मार्च आज ही के दिन उपभोक्ता अधिकारों और और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है।

इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा है कि "स्थायी जीवन शैली के लिए एक उचित संक्रमण" के अनुरूप इन द्वीपों में इस महत्वपूर्ण दिन को गर्व से मनाते है। इस वर्ष की थीम दुनिया भर के उपभोक्ताओं को टिकाऊ, किफ़ायती और सुलभ जीवन शैली विकल्पों के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देती है, जबकि बुनियादी अधिकारों और जरूरतों की दृढ़ता से रक्षा करती है।

इस वर्ष का अभियान दुनिया भर में मजबूत उपभोक्ता संरक्षण और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए, टिकाऊ जीवन शैली प्राप्त करने की दिशा में ठोस मार्गों पर प्रकाश डालता है। उन्होंने एक उज्जवल, हरित और अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की कामना की है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान अपने कृषि विज्ञान केन्द्रों के सहयोग से अट्ठारह और उन्नीस मार्च को किसान मेला का आयोजन करेगा। यह आयोजन गाराचरामा रिसर्च कॉम्प्लैस में आयोजित होगा, जिसमें दक्षिण, मध्योत्तर अण्डमान एवं निकोबार ज़िलों के लगभग हज़ार किसान भाग लेंगे। यह दो दिवसीय मेला किसानो, शोधकर्ताओं को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां वे पारंपरिक कृषि पद्धतियों और आधुनिक वैज्ञानिक नवाचारों के समावेश पर चर्चा कर सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थाई और समृद्ध कृषि भविष्य को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर द्वीपसमूह के मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम अट्ठारह मार्च को साढ़े आठ बजे शुरू होगा। यह मेला कृषि से जुडे सभी हितधारकों के नवीनतक तकनीकों को जानने का सुनहरा अवसर है। केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. ई वी चाकुरकर ने बताया कि यह आयोजन कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए एक बडा मंच प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता और आजीविका कार्यक्रम के तहत ई आई ए सी पी सेंटर, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण केन्द्र के संयुक्त सहयोग से एक ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वन और भोजन विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता का उददेश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति और भोजन के बीच संबंध को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करना है। इस प्रतियोगिता में स्कूल और कॉलेज के छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी सत्रह मार्च तक अपनी चित्रकला को ई–मेल द्वारा भेज सकते हैं। चित्रकला जे पी ई जी फारमेट में होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा फोन नम्बर–दो तीन तीन एक चार आठ पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><><>

डाक विभाग की ओर से युवाओं के लिए यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता चौबीस मार्च को श्री विजयपुरम केंद्र में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय होगा "कल्पना करें कि आप महासागर हैं। किसी को पत्र लिखकर यह समझाएं कि उन्हें आपकी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करनी चाहिए।" इस प्रतियोगिता में नौ से पन्द्रह आयु वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। पत्र अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा किसी भी क्षेत्रीय भाषा में लिखा जा सकता है।

सर्किल स्तर पर विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में पच्चीस हजार, दस हजार और पांच हजार रूपए के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को पचास हजार, पच्चीस और दस हजार रूपए और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि आज है।

<><><><><><><>

द्वीपों में तापमान में वृद्धि के कारण श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए विद्युत विभाग ने आम जनता के लिए परामर्श जारी किया है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं को शाम के समय बिजली की कमी को देखते हुए ऊर्जा का किफायती उपयोग करने की सलाह दी है। लोगों से शाम साढ़े पांच बजे से रात साढ़े दस बजे तक एसी, मोटर, ग्रीसर, गार्डन लाइटिंग जैसे प्रमुख बिजली की खपत करने वाले उपकरणों को बंद करने का अनुरोध किया गया है। इससे विभाग को श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के आसपास के क्षेत्रों में बिना कटौती के बिजली की आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित अंडमान निकोबार कॉलेज महोत्सव, एन्को फेस्ट–स्पर्धा 2.0, आज से श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में शुरू होगा। महोत्सव का उद्घाटन फुटबॉल टूर्नामेंट से होगा। इस महोत्सव का उद्‌देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उजागर करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। एन्को फेस्ट विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का आंकलन करने का अवसर मिलता है। इस वर्ष के उत्सव में रचनात्मकता, प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें तकनीकी पोस्टर प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक प्रदर्शन, खेल टूर्नामेंट और रचनात्मक प्रतियोगिताओं सहित कई रोमांचक कार्यक्रम शामिल होंगे।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से कल एन आई ओ टी परिसर, डॉलीगंज में समुद्री शैवाल की खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण–सह–अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुद्री शैवाल की खेती के माध्यम से तटीय समुदाय के लिए आजीविका के विकल्पों को प्रेरित करना और विकसित करना तथा विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को लक्षित करना था। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पहचानी गई कुल चौबीस एस एच जी महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर मत्स्य निदेशक जगताप कल्याणी राजेन्द्र ने कहा कि पूरे द्वीप समूह में समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

राज्य स्तरीय डी जी पी कप टी–ट्वेंटी लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न–तीन आज से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन आज श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में शाम तीन बजे होगा।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप की सड़कों की मरम्मत और रख–रखाव को लेकर पंचायत समिति प्रमुख चम्पा दास ने अण्डमान लोक निर्माण विभाग के सचिव को पत्र लिखकर उनका ध्यान आकर्षित कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि शहीद द्वीप की सड़के लम्बे समय से खराब स्थिति में है, जो यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए असुविधा पैदा कर रही हैं। इस लिए यहां सुचारू यातायात के लिए अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है। इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए समिति प्रमुख ने प्रशासन से जल्द से जल्द मरम्मत का कार्य शुरू करने का अनुरोध किया हैं।

<><><><><><><>